श्याम तो पे वारी वारी जाऊं मैं

श्याम तो पे वारी वारी जाऊं मैं
तू ही तो मेर संसार है
तू ही मेरा यार है तू ही मेरा यार है
चरणों में तेरे जगह पाऊं ना मैं
तो मेरा जीना ही बेकार है
तू ही मेरा यार है तू ही मेरा यार है

मेरा साथी है तू पालनहारा है तू
मेरी नैया का श्याम खेवनहार है तू
मैं तो तेरी पुजारन तेरी है मुझको लगन
तेरी गुणगान ही तो गाउँ जी मैं
तू ही तो मेरा संसार है
तू ही मेरा यार है तू ही मेरा यार है

मेरी धड़कन में तू मेरे तन मन में तू
मेरी साँसों में तू मेरे नैनन में तू
बाबा मैं तुझको रिझाऊं दिल से मैं तुम्हे मनाऊं
तुझे छोड़ कहाँ और जाऊं जी मैं
तू ही तो मेरा संसार है
तू ही मेरा यार है तू ही मेरा यार है

प्रीत टूटे न कभी साथ छूटे न कभी
अनु दासी तेरी तू तो रूठे न कभी
चोखानी तेरा चाकर धन्य है दर्शन पाकर
जहाँ भी देखु तुझे पाऊं जी मैं
तू ही तो मेरा संसार है
तू ही मेरा यार है तू ही मेरा यार है

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14526/title/shyam-to-pe-vari-vari-jaau-main

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |